समाचार

प्राथमिकता क्रम के व्यक्तियो के वैक्सीनेशन पर विशेष ध्यान दें प्रतिष्ठान–आयुक्त

(आयुक्त ने ली सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की बैठक, कोविड जांच व वैक्सीनेशन कार्य प्रगति की समीक्षा की)

कोरबा 24 मार्च 2021 –आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने सार्वजनिक प्रतिष्ठानों से कहा है कि वे प्राथमिकता क्रम के नागरिकों का किए जा रहे वैक्सीनेशन पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए उनके वैक्सीनेशन में अपेक्षित तेजी लायें, टाउनशिप में घर–घर में सर्वे कराएं कि प्राथमिकता क्रम के नागरिकों का वैक्सीनेशन हुआ की नहीं, वालेन्टियर्स तैनात करें, जो कि वैक्सीनेशन हेतु लोगों को प्रेरित करें। उन्होने कहा कि टाउनशिप में कोरोना पाजिटिव मरीज मिल रहे हैं, कोविड जांच बढ़ाएं तथा कोरोना प्रोटोकाल का पालन कराएं।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज आयुक्त श्री जयवर्धन ने एन.टी.पी.सी., सी.एस.ई.बी. कोरबा पूर्व एवं पश्चिम, एस.ई.सी.एल. कोरबा, गेवरा, कुसमुण्डा तथा बालको आदि सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों एवं प्रबंधन के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होने प्राथमिकता क्रम में 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों तथा 45 से 59 वर्ष के गंभीर रोग से पीड़ित (कोमार्बिड) व्यक्तियो के किए जा रहे वैक्सीनेशन की कार्य की समीक्षा की, आयुक्त श्री जयवर्धन ने प्रतिष्ठानों से कहा कि उनकी कालोनियों में रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों के पैरेन्ट्स जो प्राथमिकता क्रम में आते हैं, उनका शतप्रतिशत वैक्सीनेशन कराने हेतु प्रेरित करें, इस हेतु घर–घर सर्वे कराएं तथा छुटे हुए नागरिकों का वैक्सीनेशन कराएं। वैक्सीनेशन हेतु आमजन में जागरूकता लाने जरूरी कदम उठाएं, ज्यादा से ज्यादा प्रसार करें ताकि लोग स्वयं वैक्सीन लगवाने के लिए अस्पताल पहुंचे। बैठक के दौरान आयुक्त श्री जयवर्धन ने प्रतिष्ठानों की टाउनशिप में कोविड पाजिटिव मरीज मिलने का उल्लेख करते हुए कहा कि पाजिटिव व्यक्तियों के संपर्क में आने वाले लोगों की ट्रेसिंग कर उनकी कोविड जांच कराएं, होम आईसोलेशन नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं तथा अपने–अपने अस्पतालों में कोविड जांच सेम्पिलिंग को बढ़ाएं, लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं तथा रेण्डम टेस्टिंग भी कराएं। बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.बी.बोर्डे, डॉ.शालिनी कुजूर, डॉ.यू.पी.सिंह, डॉ.ए.के. बेहरा, डॉ.ए.के. अरोरा, डॉ.बी.के.मिश्रा, डॉ.आचिंक्य कुमार, प्रतिष्ठानों के अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, आशीष ब्रम्हभट्ठ, एन.के.पटनायक, डी.के.दीक्षित, जी.एल.एन.दुर्गा प्रसाद, पी.मुखर्जी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

<u>सामाजिक संगठन वैक्सीनेशन में करें सहयोग</u>– आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आज विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठक भी ली तथा उनसे आग्रह किया कि प्राथमिकता क्रम में किए जा रहे वैक्सीनेशन में संगठन अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें, उनके समाज से जुड़े प्राथमिकता क्रम के नागरिकों के वैक्सीनेशन हेतु उन्हें प्रेरित करें। वैक्सीन एक महत्वपूर्ण सुरक्षाकवच है, जो हमें कोरोना से सुरक्षित करता है। उन्होने कहा कि हमारा दायित्व है कि प्राथमिकता क्रम में आने वाले कोई भी नागरिक वैक्सीनेशन से छूटने न पाएं, इसमें सामाजिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.बी.बोर्डे, डॉ.कुमार पुष्पेश, अशोक सिंह, उपायुक्त पवन वर्मा, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी यथा डॉ.राजीव सिंह, अशोक चावलानी, शिवनारायण श्रीवास, मोहनलाल श्रीवास, अनिरूद्ध कुमार चन्द्रा, राजेश श्रीवास, रिखीराम श्रीवास, धीरेन सांधवी, टेकचंद रमानी, विमल जाजोदिया, नरेश भोपालपुरिया, मोहनलाल अग्रवाल सहित अन्य समाज के जुड़े नागरिकगण उपस्थित थे।